प्रेस विज्ञप्ति

इरेडा ने अपना विस्तार करते हुए, भुवनेश्वर में शाखा कार्यालय खोला

इरेडा के सीएमडी और निदेशक (तकनीकी) ने ओडिशा के मुख्य सचिव से मुलाकात की

भुवनेश्वर, 27 अगस्त, 2021

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने अपने ग्राहकों, उधारकर्ताओं और अन्य हितधारकों की सुविधा के लिए भुवनेश्वर, ओडिशा में देश में अपना चौथा शाखा कार्यालय खोला है। इरेडा, भारत सरकार का एक मिनी रत्न (श्रेणी- I) प्रतिष्ठान है, जो नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन है, इसके पहले से ही मुंबई, चेन्नई और हैदराबाद में तीन शाखा कार्यालय हैं।

इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), श्री प्रदीप कुमार दास ने आज होटल कलिंग अशोक, भुवनेश्वर में कंपनी के नए कार्यालय का उद्घाटन इरेडा के निदेशक (तकनीकी), श्री चिंतन शाह, ग्रिडको के प्रबंध निदेशक, ग्रिडको के निदेशक (वित्त), ओपीटीसीएल के निदेशक (वित्त), इस राज्य के आरईसी और हुडको के प्रमुखों, इरेडा के उधारकर्ताओं तथा हितधारकों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर बोलते हुए, इरेडा के सीएमडी ने कहा कि , “भुवनेश्वर का शाखा कार्यालय व्यवसाय का विस्तार करने के लिए कंपनी के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह कार्यालय इस क्षेत्र में कंपनी के उधारकर्ताओं और हितधारकों को आसानी से पहुंच और सेवाएं प्रदान करेगा।”

इरेडा के सीएमडी ने रेखांकित किया कि "ओडिशा और आसपास के पड़ोसी राज्यों में महत्वपूर्ण अक्षय ऊर्जा क्षमता होने के फलस्वरूप, इस क्षेत्र में शाखा खोलने की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की गई थी।" श्री दास ने आगे कहा कि "कंपनी अपनी व्यवसाय की क्षमता के अनुसार देश के अन्य भागों में भी शाखा कार्यालय खोलने पर विचार करेगी।" उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि विकेंद्रीकरण के लिए कंपनी का वर्तमान अभियान, भारत सरकार द्वारा निर्धारित एजेंडा व्यवसाय करने में आसानी के लिए अपनी प्रतिबद्धता का एक हिस्सा है। इरेडा ने पिछले वर्ष मुंबई में अपना तीसरा शाखा कार्यालय खोला था।

<u>ओडिशा के मुख्य सचिव के साथ बैठक</u>

इस राज्य में अक्षय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के अवसरों का पता लगाने के लिए, इरेडा के सीएमडी, श्री प्रदीप कुमार दास और इरेडा के निदेशक (तकनीकी), श्री चिंतन शाह ने आज ओडिशा सरकार के मुख्य सचिव, श्री सुरेश चंद्र महापात्र के साथ मुलाकात की। आपसी चर्चा के दौरान, उन्होंने मुख्य सचिव को इरेडा द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों और कंपनी की भविष्य की योजना के बारे में भी अवगत कराया।